दिन–शुक्रवार | दिनांक– 06 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. बीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में नॉर्मलाइजेनशन के विरोध में छात्रों ने पटना में किया प्रदर्शन। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया जमकर लाठी चार्ज।

02. बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा– सत्तरवीं बीपीएससी परीक्षा में जब नॉर्मलाइजेशन नहीं लागू हो रहा है, तो विरोध का कोई औचित्य नहीं।

03. रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया।

04. और, राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

———————————————————————————

बीपीएससी सत्तरवीं सिविल सेवा परीक्षा में नॉर्मलाइजेनशन के विरोध में छात्रों ने पटना स्थित बीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस ने छात्रों को वहां से जाने को कहा लेकिन वे नहीं माने तो उग्र–प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठी चार्ज किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि पुलिस ने उन्हें सड़क पर दौड़ा–दौड़ा कर पीटा है।

–––बाईट–––

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का नेतृत्व कर रहे एक आंदोलकारी ने कहा कि सरकार को उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक सुनना चाहिए। लेकिन उनकों बीपीएससी अध्यक्ष से मिलने नहीं दिया गया।

–––बाईट–––

———————————————————————————

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज किये जाने की तीखी आलोचना की है। श्री यादव ने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता को भड़काने वाला बयान नहीं देना चाहिए।

–––बाईट–––

———————————————————————————

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी दो हजार तेईस से इन दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने नकदी की संभावित कमी को दूर करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात में पचास आधार अंकों की कटौती कर इसे चार प्रतिशत कर दिया है। इससे एक लाख सोलह हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक बढती महंगाई को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

———————————————————————————

न्यूनतम समर्थन मूल्य और अन्य मांगों के मुद्दों पर किसानों के विरोध–प्रदर्शन के बीच सरकार ने आज कहा कि वह फसलों की उत्पादन लागत से कम से कम पचास प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के प्रति वचनबद्ध है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार कई फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान, गेंहू, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर और मूंग दाल सहित अन्य कृषि उत्पादों को देश में उत्पादन लागत से पचास प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सौ प्रतिशत है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के तौफीर स्थित देवी दियारा में छापेमारी के दौरान मुफस्सिल पुलिस ने नौ मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। उदभेदन में चार कारीगरों को गिरफ्तार किया गया है। इस बारे में एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि गिरफ्तार किये गये चारों लोग मुफसिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बरदह गांव का रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोग पहले भी अवैध हथियार निर्माण के मामले में जेल जा चुके हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत क्विज चैलेंज में भाग लेने की तिथि दस दिसम्बर तक बढ़ाने की घोषणा की है। इससे पहले अंतिम तिथि पांच दिसम्बर थी। युवा, क्विज में भाग लेने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म पर विजिट कर सकते हैं। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के उन सभी युवाओं के लिए खुली है, जो विकसित भारत के लिए अपने विचार साझा करने को उत्सुक हैं। विजेता प्रतिभागी ग्यारह और बारह जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

———————————————————————————

राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में डॉक्टर आम्बेडकर के योगदान के लिए देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉक्टर आम्बेडकर एक न्यायविद, विचारक, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपना जीवन समानता की वकालत करने और जाति आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबासाहेब को उन्नीस सौ नब्बे में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इधर, पटना समेत प्रदेशभर में बाबासाहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम पटना उच्च न्यायालय के पास स्थित डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास आयोजित किया गया। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढोतरी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इस दौरान तीन से चार डिग्री सेल्सियस के गिरावट का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान उनतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस शेखपुरा में दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान समस्तीपुर के पूसा में आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए मानक संचालन प्रणाली, एसओपी जारी किया है। सभी जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में विभाग ने कहा है कि मौसम विभाग से समन्वय बनाकर तापमान में उतार–चढाव पर नजर रखी जाए। विभाग ने कहा है कि शीतलहर बढ़ने पर लोगों को ठंड से बचाव के लिए व्यवस्था की जाए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी ठंड को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इस बीच किसानों को सलाह दी गई है कि वो अपनी कटी फसल को सुरक्षित जगह पर रख लें, ताकि नमी से फसल का बचाव हो सके।

———————————————————————————

आज बिहार होमगार्ड, गृह रक्षावाहिनी संगठन का अठहत्तरवां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह बिहटा के आनंदपुर कैंप स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि बिहार की रक्षा वाहिनी, पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एक दक्ष बल के समान समाज और राष्ट्र की सेवा कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गृह रक्षकों का प्रशिक्षण सेना के प्रशिक्षकों की देख–रेख में हो रहा है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गृह रक्षावाहिनी की महानिदेशक शोभा ओहटकर ने कहा कि गृह रक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गांधी मैदान में पटना पुस्तक मेले का उद्‌घाटन किया। यह सत्रह दिसंबर तक चलेगा। श्री कुमार ने पुस्तक मेला में केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा लगाई विकसित भारत दो हजार सैंतालीस थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का उदघाटन और अवलोकन किया।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के चौतरवा थाना क्षेत्र से आ रहे एक ट्रक से बगहा पुलिस ने दो सौ चार किलो गांजा बरामद किया है। मौके से पुलिस ने दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने छापेमारी कर चालीस लीटर विदेशी शराब के साथ चार महिला समेत पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरंजीवीपुर एनएच– अट्ठाईस पर एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन डिवाइडर से टकराया गया, जिसमें दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के खड़गपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों दिनदहाड़े दो सीएसपी संचालक से लूटकांड के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक लुटेरा राजेश कुमार उर्फ भगिया को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर देसी और नेपाली शराब के साथ तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले की रानीगंज थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराते दो लोगों को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में नॉर्मलाइजेनशन के विरोध में छात्रों ने पटना में किया प्रदर्शन। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया जमकर लाठी चार्ज।

02. बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा– सत्तरवीं बीपीएससी परीक्षा में जब नॉर्मलाइजेशन नहीं लागू हो रहा है, तो विरोध का कोई औचित्य नहीं।

03. रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया।

04. और, राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनके उनहत्तरवें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।